

## खुशनुमा मौसम में तापमान स्थिर

# गुलाबी ठंड का एहसास

**जबलपुर।** मौसम शुष्क बना हुआ है तापमान न ज्यादा ऊपर है और न ही ज्यादा नीचे, कुल मिलाकर मौसम खुशगवार है। हल्की ठंडक से लोगों ने मकर संक्राति की खिचड़ी और तिल के लड्डू का मजा लिया। इस बीच मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक मौसम खुशनुमा रहेगा। तापमान में ज्यादा घट-बढ़ की संभावना नहीं है। 20 तारीख के बाद फिर एक बार पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। उसके बाद फिर तापमान में वृद्धि होगी और बारिश के बाद फिर तापमान धराशायी होगा। आसमान में बादल छाने और दक्षिणी हवाओं के आने से ठण्ड एकदम गायब हो गई है। मौसम कार्यालय के मुताबिक आने वालें दिनों में एक बार फिर मौसम के मिजाज बदलेंगे। पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव के चलते भी तापमान उछाल पर ही रहेगा। आसमान पर छाये बादल छंटने और पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव खत्म होने पर तापमान घटेगा और ठण्ड का एक नया दौर लौटेगा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रात काल 82 प्रतिशत और सायंकाल 50 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी हवाएं 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.46 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.2 डिग्री तापमान सिंगरौली, रीवा जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

### हाइब्रिड बीजों के उत्पादन में एफपीओ को तकनीकी सहयोग देगा कृषि विश्वविद्यालय

# जेएनकेवी व मेकलसुता कृषक उत्पादक समूह के बीच हुआ करार

**जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं अधोसंरचना विकास निधि से स्वीकृत परियोजना के तहत उद्यानिकी फसल के हाइब्रिड बीजों के उत्पादन के लिये सोमवार को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय व कृषक उत्पादक समूह के बीच एमओयू साईन किया गया। जिस पर कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से संचालक अनुंसधान सेवायें डॉ जी के कौतू व मैकलसुता कृषक उत्पादक समूह से निदेशक व सीईओ राघवेंद्र सिंह पटैल ने हस्ताक्षर किये।**



कृषि विश्वविद्यालय से हुये एमओयू के बारे में जानकारी देते हुये श्री पटैल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के द्वारा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर उद्यानिकी फसलों के हाइब्रिड बीज किसानों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने की मंशा से कार्य किया जा रहा है। जिसके लिये विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के साथ करार हुआ। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय मेकलसुता कृषक उत्पादक समूह व उसके किसानों को ने केवल बीज उत्पादन के लिये उच्च गुणवत्ता के पैतृक बीज उपलब्ध करायेगा बल्कि किसानों को हाइब्रिड बीज तैयार करने की तकनीकि का पूरा प्रशिक्षण भी देगा। जिससे विश्वविद्यालय के समान ही मेकलसुता कृषक उत्पादक समूह के किसान स्वंय उद्यानिकी फसलों के बीज अपने खेतों में तैयार कर सकेंगें। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के डॉ जी के कौतू, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ जे पी लखानी सहसंचालक, अनुसंधान सेवायें, डॉ अखिलेश तिवारी प्राध्यापक उद्यान विभाग, मैकलसुता कृषक उत्पादक समूह से निदेशक व सीईओ राघवेंद्र सिंह पटैल, भरत पटैल, पियूष श्रीवास्तव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### आत्मनिर्भर बनेंगे कृषक उत्पादक समूह

किसानों को उद्यानिकी फसलों के गुणवत्ता पूर्ण बीज न मिलने के कारण कई बार सारी मेहनत बेकार हो जाती है। कुछ कंपनियों के बीज इतने महंगे है कि वे आम किसानों की पंहुच से बहुत दूर है। मध्यप्रदेश सरकार विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कृषक उत्पादक समूहों के साथ अनुबंध कर रही है। जिससे उन समूहों में शामिल किसानों को पैतृक बीज व तकनीकी सहयोग कर उनसे हाइब्रिड बीजों का उत्पादन कराया जा सके। बीज उत्पादन करने के बाद कृषक उत्पादक समूह को यह अधिकार होगा कि वह उत्पादित हाइब्रिड बीजों का मूल्य स्वंय तय कर सके और बाजार में स्वंय बेंच सके। जिससे कृषक उत्पादक समूह आत्मनिर्भर बन सकेगा और किसानों को घटिया बीजों की समस्या से निजात मिल जायेगी।

### एमआईसी बैठक में 1 दर्जन प्रस्ताव पास

# 204 करोड़ से होगा वेस्ट मैनेजमेंट में कायाकल्प

जबलपुर।

सोमवार को आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में तेंदुआ सफारी, नक्षत्र गार्डन, बर्ड सेन्चुरी, निगम मार्केटों में सोलर पैनल, चौराहों का सौन्दर्यीकरण, शहर में 1 लाख 8 हजार पौधे लगाने, भारत माता मंदिर का निर्माण, मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचे राष्ट्र ध्वज की स्थापना के साथ शहर में युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से 500 स्मार्ट मिल्क बूथ स्थापित करवाने संबंधी विषयों की भी समीक्षा की 15 दिन के अंदर प्रगति बताने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य शेखर सोनी, अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, गुलाम हुसैन, मनीष पटैल, दिनेश तामसेतवार, लक्ष्मी गांटिया, एवं निगमायुक्त प्रीति यादव, सचिव खूबचंद पाण्डेय के अलावा समस्त अपर आयुक्त, समस्त उपायुक्त एवं सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे। एमआईसी की बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में रि-डेन्सीफिकेशन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निर्णय लिया गया। प्रस्ताव पास होने के बाद अब कंसल्टेंट नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए अब निविदा जारी की जायेगी। इस प्रक्रिया को पूरी होने के पश्चात निगम द्वारा निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्ये को निश्चित रूप से गति मिलेगी और पैसे के अभाव में कोई काम रूकेगा नहीं।



### शहर को मिली 204 करोड़ की ग्रांट

वहीं बैठक में केन्द्र सरकार से प्राप्त 204 करोड़ की ग्रांट राशि के जनहित में इस्तेमाल के संबंध में भी चर्चा हुई। महापौर ने बताया कि देश के 100 स्मार्ट सिटी शहरों में 18 शहरों का चयन हुआ है जिसमें जबलपुर का नाम भी शामिल है। इस ग्रान्ट की राशि से शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली को आमजनों के लिए पारदर्शी एवं सरल बनाया जायेगा। बैठक में 8 लीज नामांत्रण के प्रकरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### नामकरण के प्रस्ताव पास

मेयर इन काउंसिल की बैठक में नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल की माँग पर विजय नगर स्थित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ऑफिस के बाजू के खेल मैदान का नाम लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटैल, विजय नगर स्थित एल.आई.सी. के बाजू स्थित पार्प का नाम महाराजा वीर शिवाके नाम से, महाराष्ट्र हाई स्कूल के आगे सुहागन आभूषण के सामने वाले चौक का नाम स्व. एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल के नाम से, एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत 41 नं. स्कीम मार्ग पर स्थित चौराहे का नाम सनातन चौक के नाम से नामकरण करने संबंधी प्रस्ताव भी आज मेयर इन काउंसिल में पारित किये गए।



# लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करे: मिशा सिंह

जबलपुर।

अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने यहां कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। श्रीमति सिंह यहां कलेक्ट्रेट के सभागार में समय सीमा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। इस बैठक में अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा नाथूराम गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन व समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों को गंभीरता के साथ लेकर उनका संतुष्टी पूर्वक निराकरण करें। इस दौरान मुख्य रूप से पारिवारिक पेंशन, कोर्ट के अवमानना प्रकरण, औद्योगिक विकास के लिये जमीन का चिहांकन, लीगल सेल, कॉलोनी सेल, धारणाधिकार के लंबित प्रकरण, रेरा के ऑर्डर, केन्द्राrय विद्यालय गढ़ा की भूमि से अतिक्रमण हटाने, धोखाधड़ी, सीमांकन, विद्युत की टाईमिंग निश्चित करने, पीड़ित प्रतिकर योजना का लाभ, खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने के साथ 22 जनवरी तक इलेक्ट्रॉल रोल के रीविजन करने के साथ कहा कि सभी बीएलओ नियत समय व स्थान पर उपस्थित रहें और यदि कोई आवेदन ऑफलाइन है तो उसे समय सीमा में ऑनलाइन सुनिश्चित करें। उन्होनें सभी अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें।



# महाअभियान में राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से हल करे: कमिश्नर वर्मा

**जबलपुर।** संभाग कमिश्नर अभय वर्मा ने राजस्व महाअभियान के तहत संभाग के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये हैं कि इस महाअभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्वय अभिलेखों में दर्ज त्रुटियों के साथ साथ नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरण तेजी से निपटाएं। उन्होनें कहा कि नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करें, नक्शा सुधार, पीएम किसान का सेच्युरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र और आधार से लिंकिंग सहित आम जन की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि पटवारी पूर्व निर्धारित समय सारणी अनुसार गांव में खसरा, बी-1 का वाचन करें और यह सात दिवस में पूर्ण कर लें। समग्र वेब पोर्टल, एमपी ऑनलाइन या सीएससी के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ईकेवायसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी तथा इसके लिये निर्धारित राशि संबंधित एमपी ऑनलाइन या सीएससी के कियोस्क को विभाग के द्वारा एमपीएसईडीसी के माध्यम से प्रदान की जायेगी। सभी खातेदारों और उनके परिवार के सदस्यों को समग्र ईकेवायसी कराने के लिये प्रेरित किया जाये।

# अधिवक्ताओं ने युवा दिवस पर विवेकानंद को किया स्मरण

**जबलपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, महाकोशल प्रांत की जिला न्यायालय इकाई के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विवेक शर्मा, उपमहाधिवक्ता मंचासीन थे। उन्होंनेयुवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा देते हुए स्वामी विवेकानंद द्वारा किए गए महान कार्यों से अवगत कराया। सुनील गुप्ता, प्रांत मंत्री द्वारा अधिवक्ता परिषद के बारे में सभी को अवगत कराया गया। हरीश अग्निहोत्री द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया। शक्ति त्रिपाठी व सुनीता सूद गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि का परिचय प्रियंका जैन द्वारा दिया गया। तेज कुमार मोढ़, राष्ट्रीय आयाम संगठन प्रमुख नीलम दत्त व आशीष पांडे भी मंचासीन थे। कार्यक्रम में न्याय केंद्र प्रभारी जिर्तेद्र बेन, मंत्री सीमा साहू, नीतू पसीने सहित काफी संख्या में शासकीय अधिवक्ता व विधि के छात्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राम मिलन प्रजापति द्वारा किया गया। मनोज शिवहरे कोषाध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा।

### हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश

# वेटरनरी कुलपति की नियुक्ति अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, वेटनरनरी यूनिवर्सिटी, जबलपुर के कुलपति की नियुक्ति विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दी है। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। याचिकाकर्ता वेटरनरी यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डा.जीपी पांडे की ओर से अधिवक्ता केके अग्निहोत्री, सुनील रजक, योगेश चौरसिया व अनमोल चौकसे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी में कुलपति की नियुक्ति के लिए चार अक्टूबर, 2023 को राजभवन, भोपाल से विज्ञापन जारी किया गया था। इसकी कंडिका क्रमांक-तीन में जोड़ी गई नवीन शर्तें यह है कि आवेदक का जन्म एक मार्च, 1959 को या उसके पूर्व न हुआ हो, असंवैधानिक होने के कारण चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह नवीन संशोधन बिना एक्ट-2009 में संशोधन किए जोड़ दिया गया। लिहाजा, विधिविरूद्ध शर्त को हटाया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अंतरिम आदेश के साथ नोटिस जारी कर दिए।

# लुटेरे को सात वर्ष का कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुधांशु सिन्हा की अदालत ने लूट के आरोपित जबलपुर निवासी हनी यादव का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह हजार का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता ओमप्रकाश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रार्थी राजू उर्फ मारू शाम को चार बजे अपने दोस्त राकेश सेन के साथ मझगवां बाइपास पहुंचा। इसी दौरानसामने से एक मोटरसाइकिल से दो अज्ञात लड़के आहत के पास आए। आरोपित हनी यादव ने चाकू से राजू उर्फ मारू के जांघ में मारा एवं राकेश सेन के पैर एवं कंधे में मारकर चोट पहुंचाई। राजू उर्फ मारू के जेब में रखे चार हजार रूपये व दस्तावेज लूटकर ले गए। पुलिस ने आरोपित को पकड़ा। उसने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा लूट का प्रकरण दर्ज कर अदालत में पेश किया।

# बल्देवबाग महिला मार्केट के 20 संचालकों को नोटिस

जबलपुर।

नगर निगम स्वामित्व की महिला मार्पेट के सभी व्यापारियों को बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बंद 20 दुकानों को 24 घंटे के अंदर खोलने नोटिस जारी किया है। नगर निगम स्वामित्व की बल्देवबाग महिला मार्पेट की 20 से अधिक दुकानें हमेशा बंद रहती है, उन्होंने कहा कि 24 घंटे के अंदर दुकाने नहीं खोली जाती है तो ऐसी स्थिति में दुकानों का आवंटन निरस्त कर निगम अपने कब्जे में लेने कार्यवाही करेगा जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी दुकानदार की होगी।उन्होंने बताया कि बल्देवबाग महिला मार्पेट की बंद 20 दुकाने जिसमें क्रमश दुकान क्रमांक 5 डॉईशा समैया, 6 अमृता खन्ना, 12 केबालअंकम्मा, 21 गीता विश्वकर्मा, 22 रश्मि पारीक, 25 प्रतिभा तिवारी, 27 विद्या दुबे, 28 सुनीता गुप्ता, 29 हिमांशी भसीन, 30 संगीता साहू, 31 लता दीक्षित, 36 सुश्री वनश्री बन्सोड, 37 अंजना श्रीवास्तव, 38 नेहा असाटी, 40 राधा अग्रवाल, 42 प्रीति लारिया, 44 ममता दुबे, 48 सरस्वती सराठे, 50 स्नेहलता साहू, एवं 51 आदिती झा के नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि बल्देवबाग महिला मार्पेट के दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद संबंधितों के आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

# सभी बैंकर्स को टारगेट पूरा करने दिये निर्देश

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेय एवं सहायक आयुक्त अंकिता जैन द्वारा पी.एम. स्वनिधि योजना की समस्त बैंकर्स के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर एवं डी.एम. के साथ समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेय एवं सहायक आयुक्त अंकिता जैन द्वारा एस.बी.आई. एवं पी.एन.बी. बैंक आदि को विशेष निर्देश दिए हैं कि लंबित प्रकरणों को शीघ्र अति शीघ्र निराकृत कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी साथ ही समस्त बैंकर्स से आग्रह किया है कि अपने स्तर पर प्रक्रिया को तेज करते हुए नवीन प्रकरण दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें। अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेय एवं सहायक आयुक्त अंकिता जैन ने पी.एम. स्वनिधि की टीम के सदस्यों को भी हिदायत देते हुए कहा है कि सभी सदस्य लगातार बैंकों में जाकर उनसे बात-चीत कर पुराने सभी 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार के लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएँ तथा नवीन प्रकरण को भी स्वीकृत कराकर अधिक से अधिक नवीन प्रकरण दर्ज कराएँ ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना के प्रकरणों की भी समीक्षा की गयी और गति लाने के निर्देश प्रदान किये गए। बैठक में सभी सिटी मिशन मैनेजर एवं सामुदायिक संगठक आदि उपस्थित रहे।

## 18 जुआड़ी गिरफ्तार, 1 लाख 19 हजार रूपये नगद जब्त

# डुमना रोड पर महगवॉं के जंगल में जमा था जुए का फड़



**जबलपुर।** खमरिया थाना क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे एक जुए के फड़ की सूचना मिलने पर एसपी ने टीम ने गठित कर छापे की कार्रवाई कराई। यहां डुमना रोड के महगवां के जंगल में जमे जुए के फड़ पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम द्वारा मारे गए छापे में 18 जुआड़ियों गिरफ्तार किए गए, जिनके कब्जे से 1 लाख 19 हजार रुपए नगद और 18 मोबाईल जब्त किये गए है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए है। पुलिस के मुताबिक कुछ लोग यहां जुआ खिलवा रहे थे और अनूप सोनकर नाल कटवा रहा था। पुलिस ने मौके से एक बैटरी, सोलर होम, यूपीएस, मल्टीपर्पस पोरटेबल सीएफएल भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि डुमना रोड महगवां के जंगल में जुआंफड़ संचालित किए जाने की सूचना पर पुलिस की एक टीम गठित कर भेजी गई, जिसने छापा मारा। पुलिस को देखते ही जुआंड़ियों में भगदड़ मच गई, पुलिस ने मौके से दिलीप कुमार राय निवासी मदनमहल गंगासागर, गढ़ा रोड, सतीष कुमार अहिरवार निवासी धनवंतरीनगर परसवाड़ा कालोनी, मोनती विश्वकर्मा निवासी मेडिकल कॉलेज गढ़ा, ओमप्रकाश गौतम निवासी गंगानगर संजीवनीनगर, मनोज धनवानी निवासी लाल मिट्टी घमापुर, पिन्टू सोनकर निवासी घमापुर चौक बेलबाग, अमन सोनकर निवासी खटीक मोहल्ला घमापुर चौक बेलबाग, सूरज वंशकार निवासी प्रेमसागर हनुमानताल, सिराजुद्दीन निवासी बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल, सतीश यादव निवासी शीतलामाई बल्दीकोरी की दफाई घमापुर, भरत भूषण प्रजापति निवासी रज्जन डेयरी के पास शीतलामाई घमापुर, तरूण बर्मन निवासी आईटीआई माढ़ोताल, सूरज बाल्मीक निवासी एमएस कालोनी लेखा नगर सिविल लाईन, गणेश सिंह निवासी व्हीकल मड़ई रांझी, अनूप सोनकर निवासी घमापुर खटीक मोहल्ला घमापुर, अकरम खान निवासी रद्दी चौकी पसियाना गोहलपुर, सरफराज अहमद निवासी ठक्करग्राम डाक्टर सेन की गली हनुमानताल, राजा उर्फ राजू यादव निवासी ग्राम गधेरी मुरियाटोला खम्हरिया वर्तमान पता ग्राम रिमझा टगर थाना माढ़ोताल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जुआरियों के विरूद्ध थाना खमरिया में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### दो आरोपी फरार अनूप काट रहा था नाल

जुआंफड़ से रोहित यादव निवासी सुअरकोल व राहुल निवासी आईटीआई माढ़ोताल मौके से भाग निकले. जिन्हे पकड?s के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. पुलिस को पूछताछ में जुआंड़ियों ने बताया कि अनूप सोनकर द्वारा नाल काटी जाती है.

### छापा मार टीम में ये रहे शामिल

महगवां डुमना रोड के जंगल में दबिश देकर जुआंडियों को पकड़ने में आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई सतीष झारिया, थाना खमरिया के एएसआई विनोद पटेल, प्रधान आरक्षक नीलकंठ, आरक्षक अनिरूद्ध, कंट्रोल रूम के प्रधान आरक्षक अभिषेक पाण्डे, आरक्षक विकास दुबे, मुकेश साहू एवं पुलिस लाईन के आरक्षक धीरू सिंह, हरिओम सिंह, अनूप कोल, रत्नेश , रिसाल, नितिन साहू, क्रान्ति, पराग जाट, विजय बंजारा की सराहनीय भूमिका रही।



# कालभैरव चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना

**सिहोरा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभू श्रीराम की प्रतिमाओं की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के पहले ही सिहोरा खितौला भी राम मय हो गया है। सभी राम भक्त अपने अपने तरीके से अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं उसी कड़ी में सबसे हटकर कालभैरव चौक समिति द्वारा भगवान का दरबार जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी की प्रतिमा की बाबाशाला कटरा मोहल्ला से शोभायात्रा निकालकर कालभैरव चौक में स्थापना की गई है जिसमें सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें आज 16 जनवरी को महिला मंडल की रामायण दोफहर 3 बजे से, 17 को रात्रि 8 बजे से संगीतमय सामूहिक सुंदर कांड पाठ सहित 18 से 21 अखंड रामचरित मानस पाठ, 22 को अयोध्या कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 8 से बड़े परदे पर सीधा प्रसारण उसके बाद सामुहिक रामधुन,भव्य आतिशबाजी एंव एक हजार आठ द्वीप प्रज्वलित करने के साथ प्रसाद वितरण होगा।

### खितौला में पांच दिवसीय रामकथा

17 से 22 जनवरी तक श्री रामजन्म भूमि न्यास समिति सिहोरा द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में खितौला में भव्य राम कथा का पांच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।यह आयोजन 1008 श्री बनवारी दास महाराज के सानिध्य मे कथावाचक पंडित उधवदास गर्ग द्वारा किया जायेगा।



# श्री विष्णु वराह कपः रोमांचकारी मैच नागपुर ने दो रन से जीता

**मझौली।** अखिल भारतीय राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के श्री विष्णु वराह कप में आज पहला सेमीफाइनल दिल्ली और नागपुर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक स्कोर दिनेश 53 रन, संगीत सोनी 33 रन, अक्षय कुमार 31 रन, शिवम 24 रन, योगदान का रहा। वहीं दिल्ली की ओर से गेंदबाजी करते हुए पुलकित 2 विकेट, देव, सुबोध और जतिन मावी ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए सिद्धार्थ के 38 रन, रमन के नाबाद 39 रन देव के 31 रन, यश के शानदार 51 रन की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 187 रन ही बना सकी। नागपुर की ओर से पवन, एडम, वैभव ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस तरीके से इस रोमांचकारी मैच को नागपुर ने दो रन से जीत लिया। मैच में उपस्थित अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंह ठाकुर हरि भैया दिनेश सिंह, महेंद्रकोस्टा, राजेंद्र चौरसिया, मनोरंजन राय उमेश उपाध्याय मोहम्मद शकील शकील भाई जान सुरेश ठाकुर अंपायर संदीप पटेल शाहिद खान स्कोर रामराज राजपूत महेंद्र रैकवार कमेंटेटर अब्दुल खान राममिलन सिंह राजपूत संजीव नंदन सिंह राजपूत और आशीष तिवारी सभी सम्मिलित हुए। आज का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई और शहडोल के बीच खेला जाएगा।

# शहर के मंदिरों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर भर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मंदिरों, एवं अन्य धर्मस्थलों के पास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, क्षेत्रीयजन एवं अधिकारी कर्मचारीगण शामिल होकर स्वच्छता श्रमदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 3, 7, 8, 13, 14 और 15 के अंतर्गत सभी मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर मंदिरों की सफाई एवं धुलाई कराई गयी। स्वच्छता श्रमदान में उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉं. अभिलाष पाण्डेय के साथ-साथ एम.आई.सी. सदस्य लक्ष्मी गोटिया, पार्षद लवलीन आनंद, माधुरी सोनकर, महेश सिंह राजपूत, विमल राय, शारदा बाई कुशवाहा, मालती रमेश चौधरी, राजकुमार पटैल, अंजना अग्रहरि, शरद श्रीवास्तव, कविता रैकवार, जितेन्द्र कश्यप गोवर्धन, अतुल जैन दानी, अर्चना सिसौदिया, डॉं. सुभाष तिवारी, योगेन्द्र उइके आदि के साथ शैलेन्द्र राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त संभव अयाची, के अलावा सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर सामूहिक श्रमदान किया। इस अवसर पर विधायक डॉं. अभिलाष पाण्डेय एवं सभी पार्षदों के द्वारा उपस्थित सभी जनसमुदायों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और यह भी संकल्प लिया कि मंदिरों की साफ-सफाई के साथ-साथ सभी लोग अपने-अपने घरों एवं आस पास के क्षेत्रों में भी सफाई रखेगें तथा दूसरों को भी इस अभियान में भागीदारी करने प्रेरित करेगें।

### निगमायुक्त ने दिये निर्देश

विशेष स्वच्छता अभियान के संबंध में निगमायुक्त प्रीति यादव ने शासन के निर्देश प्राप्त होते ही सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर जिम्मेदारी दी है कि 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में आयोजित सभी आयोजनों में सभी अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय बनाए और जो जिम्मेदारियॉं अधिकारियों को सौंपी गयी हैं वे अधिकारी उन जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें।

# 23वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को



**सिहोरा।** भगवान परशुराम सर्वभाषिय ब्राह्मण संघ नागपुर द्वारा 23 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 28 जनवरी को नागपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में संघ के आशीष शर्मा,महेंद्र भार्गव,अर्चना भार्गव,विशेश्वर मूढोलकर,रियांशु पाठक सहित अनेक पदाधिकारियों ने गत दिवस ब्राह्मण समाज सिहोरा के अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री प्रवीण कुररिया, कोषाध्यक्ष गोपाल पाठक से भेंट कर परिचय सम्मेलन में पहुंचने का आमंत्रण पत्र देने के साथ बालक बालिका के विवाह के संबंध में बायोडाटा भेजने हेतु फार्म भी दिए। ब्राह्मण समाज में विवाह योग्य युवक युवतियों की जानकारी न होने के कारण परिजनों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# फिर से एक बार मोदी सरकार के नारे के साथ भाजपा ने प्रारंभ किया दीवार लेखन कार्यक्रम अभियान

### *देश के सभी जिले में एक साथ हुआ दीवार लेखन*

**जबलपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर फिर से एक बार मोदी सरकार 2024 नारे के साथ दीवार लेखन कार्यक्रम अभियान की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली में दीवार लेखन कर इस अभियान की शुरुआत की । इसके पश्चात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल के पास दीवार लेखन किया। तत्पश्चात प्रभात साहू ने बताया कि 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के आवाहन पर फिर एक बार मोदी सरकार नारे के साथ दीवार लेखन किया जा रहा है इस व्रत अभियान में सर्वप्रथम माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली में 3 बजे दीवार लेखन कार्यक्रम अभियान की शुरुआत की तत्पश्चात सभी प्रदेश अध्यक्षों ने 4 बजे एवं देश के सभी जिला अध्यक्षों ने 4:30 बजे एक साथ इस नारे के साथ दीवार लेखन किया। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि अब यह दीवार लेखन कार्यक्रम अभियान सभी मंडलों में एवं वार्ड स्तर पर भी होगा जिसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में कम से कम पांच दीवारों पर इस नारे का दीवार लेखन अभियान चलाया जाएगा।

## दो दिनों में 23 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 जनवरी एवं 17 जनवरी को जिले की 11 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। इस दौरान यह यात्रा केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करेगी तथा अन्य नवाचारी पहलों से देश में हो रहे विकास कार्यों का प्रत्येक गांव में प्रचार करेगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के मुताबिक विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबलपुर में 16 जनवरी को ग्राम पंचायत बल्हवारा और बिलहरी एवं 17 जनवरी को हिनौतिया भौई और परतला, जनपद पंचायत मझौली में 16 जनवरी को ग्राम पंचायत खिन्नी और चन्नोटा और 17 जनवरी को देवरी सहजपुरा, कैलवास और खुडावल (नवीन), जनपद पंचायत पनागर में 16 जनवरी को ग्राम पंचायत कंदराखेडा और किवलारी, जनपद पंचायत पाटन में 16 जनवरी को करारी मनक्वारा और कैथरा एवं 17 जनवरी को खजरीभमका और बगसवाही, जनपद पंचायत शहपुरा में 16 जनवरी को ग्राम पंचायत बिजना और कुलौन एवं 17 जनवरी को नयानगर और सूखा, जनपद पंचायत सिहोरा में 16 जनवरी को कुशियारी और ढकरवाह एवं 17 जनवरी को खभरा और कचनारी का भ्रमण करेगी।

## क्रिकेट मैच देख रहे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत बिलखिरवा के वार्ड क्रमांक 15 में चल रहे क्रिकेट मैच को देख रहे एक युवक पर बदमाश ने कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया। हमले होते हुए देखा दर्शकों ने बदमाश को धर दबोचा और पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की वजह पुरानी रंजिश होना बताया जा रहा है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलखिरवा वार्ड क्रमांक 15 में क्रिकेट टूनमिंट का फाइनल मैच चल रहा था। जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग मैदान में बैठे थे। लोगों के साथ बैठकर क्षेत्र का मुकुल पटेल भी मैच देख रहा था। इसी दौरान पीछे से क्षेत्र का ही मोनू केवट कुल्हाड़ी लेकर पीछे से आया और मुकुल पटेल पर प्राण घातक हमला कर दिया। हमले के बाद मुकुल पटेल बुरी तरह घायल हो गया। आरोपी जब दूसरा वार करने ही वाला था तभी वहां पर उपस्थित लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। आरोपी मोनू केवट और मुकुल पटेल के बीच कुछ समय पहले विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने आरोपी मोनू केवट ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल अवस्था में मुकुल पटेल को मेडिकल रेफर किया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में चाचा भतीजा घायल

रांझी थाना अतंर्गत पनेहरा पेट्रोप पंप के पास एक चार पहिया वाहन ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार चाचा भतीजा बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती स्कूल के पास मड़ई निवासी 20 वर्षीय अमर चक्रवर्ती अपने चाचा मिथुन चक्रवर्ती के साथ बाईक क्रमांक एमपी 20 एनए 9032 से भानतलैया जा रहे थे। जैसे ही पनेहरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी सतपुला तरफ से आ रही चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 20 सीसी 6248 के चालक ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए और दोनों के हाथ, पैर में चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 3 जुआड़ी गिरफ्तार

संजीवनीनगर पुलिस ने फूलसागर में जुए के फड़ पर छापा मारकर तीन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 हजार 150 रुपए जब्त किए है। संजीवनीनगर थाना प्रभारी रमेश कुमार नर्रे ने बताया कि फूलसागर निवासी विष्णु सिंह ठाकुर अपने घर की दूसरी मंजिल वालें कमरे में जुआ मन्ना खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विष्णु सिंह, शास्त्रीनगर थाना तिलवारा निवासी संदीप जैन, धनवंतरीनगर निवासी अजीत जैन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 5 हजार 150 रुपए जब्त किए है।

## युवक ने फांसी लगाई

गोरखपुर थाना अतंर्गत सेठीनगर पानी की टंकी के पास एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेठीनगर पानी की टंकी के पास गोरखपुर निवासी 28 वर्षीय निब्बू उर्फ नफीस ने सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**श्री अरविंद दुबे-** देवजी नेत्रालय के श्री अरविंद दुबे (गुड्डू भैया) मॉडेलियन एवं सक्षम सक्षम महाकोशल प्रांत के सह सचिव का कार्डियक अरेस्ट के कारण रात्रि में निधन हो गया है, उनकी अंतिम यात्रा आज 16 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान आयुषी पाम ग्रीन गंगा नगर कॉलोनी से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री शमशेर बहादुर नैयर-** रंजीत क्वाटर्स गोरखपुर निवासी श्री शमशेर बहादुर नैयर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती देवका बाई-** करमेता निवासी श्री नर्मदा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती देवका बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई कहार-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री विष्णु प्रसाद कहार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई कहार (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शैलेंद्र सिंह-** उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड निवासी श्री नागेंद्र सिंह के पुत्र श्री शैलेंद्र सिंह (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला बारूद खाना राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गोविंद चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. कविता राय-** वेटरनरी कॉलेज कैम्पस सिविल लाइन निवासी श्री सुबोध राय की धर्मपत्नी डॉ. कविता राय (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रंजीत कौर-** कटंगा जेडीए कॉलोनी निवासी श्री मनी सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रंजीत कौर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री छोटे लाल सोनकर-** व्हीकल निवासी श्री छोटे लाल सोनकर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार प्रजापति-** लालमाटी द्वारका नगर साईं मंदिर के पास निवासी श्री राजकुमार प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**लक्ष्मी विश्वकर्मा-** महेशपुर मदनमहल निवासी लक्ष्मी विश्वकर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई कोरी-** शारदा नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री छोटे लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंद्रवती यादव-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री नारायण यादव की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती रामकली साकेत-** बाबा टोला ठक्करग्राम निवासी श्री शंकर लाल साकेत की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली साकेत (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आशू राजपत-** चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री विजय सिंह राजपूत के पुत्र श्री आशू राजपूत (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा शर्मा-** शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री सतीश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा शर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमल कटारे-** शक्ति नगर निवासी श्री मोतीराम कटारे की धर्मपत्नी श्रीमती कमल कटारे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई गोंटिया-** आगा चौक रानीताल निवासी श्री प्रेम लाल गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई गोंटिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल चौधरी-** रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री मुन्ना लाल चौधरी के पुत्र श्री राहुल चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन सिंह ठाकुर-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री पूरन सिंह ठाकुर (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्कवायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

## सात दिन चलेगा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

- **16** जनवरी प्रायश्चित,दशविध स्नान,विष्णु पूजन,गोदान
- **17** जनवरी शोभा यात्रा,सरयू का जल मंदिर पहुंचेगा
- **18** जनवरी गणेश अंबिका पूजन,वास्तु पूजन
- **19** जनवरी अग्नि और नवग्रह स्थापना,हवन
- **20** जनवरी गर्भगृह को सरयू के जल से धोना
- **21** जनवरी 125 कलश से मूर्ति का दिव्य स्नान

## चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

- श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है।
- चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।
- पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है।
- चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है।
- मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आज से शुरू होगी पूजन विधि

**150 से 200**
किलोग्राम है प्रतिमा का वजन



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि समारोह को लेकर पूजन विधि आज से प्रांरभ हो होगी। राय ने कहा कि पूजन 21 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा, ''रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 1 बजे तक पूरी हो जाएगी. इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि राम भगवान की प्रतिमा 150 से 200 किलोग्राम की है।


चंपत राय

**अरुण मूर्तियां बना चुके हैं**

- केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा
- मैसूर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा
- मैसूर के राजा की 14.5 फीट ऊंची सफेद अमृत शिला प्रतिमा
- मैसूर के चुंचनकट्टे में हनुमान जी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा
- संविधान निर्माता डॉ.बीआर आंबेडकर की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश में होगा एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग गए हैं। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**देश में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान**

खंडेलवाल के मुताबिक अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले कैट ने 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान लगाया था, लेकिन जिस प्रकार से दिल्ली सहित देशभर के लोगों में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि देश में एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कैट ने देश के 30 शहरों से प्राप्त फीडबैक को आधार बनाया है। कैट ने पूर्व अनुमान को संशोधित करते हुए कहा, मंदिर के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में उछाल का आंकड़ा, एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार को पार करेगा।



### ये हस्तियां होंगी शामिल

दरअसल, 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। इसमें विभिन्न क्षेत्र से आने वाली हस्तियां भी शामिल होंगी। चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चीफ मोहन भागवत अपने मनोभाव प्रकट करेंगे।


### अरुण योगीराज ने बनाई प्रतिमा

चंपत राय ने बताया कि मैसूरु के अरुण योगीराज की बनाई गई रामलला की नई प्रतिमा को राम मंदिर में स्थापित करने के लिए चुना गया है। रामलला की वर्तमान प्रतिमा भी नए राम मंदिर में रखी जाएगी। 23 जनवरी से राम मंदिर में भगवान राम के दर्शन कर सकेंगे।

### पुरानी मूर्ति का क्या होगा?


चंपत राय ने बताया कि पुरानी मूर्ति मंदिर परिसर में ही रहेगी। दरअसल, इसको लेकर सवाल पूछा जा रहा था कि इतने दिनों तक जिस मूर्ति का पूजा किया जा रहा था उसका क्या होगा? क्यों नहीं उसी मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाए।





## खबर संक्षेप

### विधानसभाओं में आप कराएगी सुंदरकांड



**नई दिल्ली।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले आम आदमी पार्टी दिल्ली की सभी विधानसभाओं में सुंदरकांड का आयोजन करेगी। पार्टी के बयान के मुताबिक विधायक और पार्षद हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड का करेंगे। पार्टी के मुताबिक सुंदरकांड के साथ-साथ हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया जाएगा।

### मुस्लिम छात्रा ने गाया पहाड़ी भाषा में भजन



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा बतूल उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक वाला उड़ी राम भजन के लिए जाना जाने लगा है।

### साध्वी ने माई के दर्शन किए, स्कूल में लगाई झाड़ू



**दतिया।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार सुबह पीतांबरा माई के दर्शन किए। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मां तो सब जानती है, लेकिन मनुष्य होने के नाते जो हमारा कर्तव्य है वह हमने पूरा किया है। केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सरस्वती स्कूल पहुंचकर झाड़ू लगाई।

### फ्लाइट्स में देरी, मिलेगी वॉट्सएप पर जानकारी



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयरलाइन्स के लिए बेहतर कम्यूनिकेश और यात्रियों की सुविधा के लिए एसओपी जारी की। यात्रियों की फ्लाइट में देरी क्यों हो रही है, इसका कारण भी बताना होगा। डीजीसीए ने इसके लिए सीएआर जारी किया है। फ्लाइट्स की देरी के संबंध में यात्रियों को वॉट्सएप के जरिए भी जानकारी दी जाएगी।

## अपने जन्मदिन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने किया महत्वपूर्ण ऐलान

# गठबंधन से इनकार, मायावती का प्रहार, अब अकेला लड़ेगा 'हाथी'

बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने का ऐलान किया है। पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन में लड़ते हुए 10 सीटों पर जीत हासिल की थी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण को लेकर पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। सभी दल अपने-अपने कोर वोटर्स के साथ ही दूसरे दलों के वोटर्स को भी लुभाने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती के अकेले चुनावी मैदान में उतरने के ऐलान से देश की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। दलित मतदाताओं को बसपा का वोट बैंक माना जाता है। हर चुनाव में सभी पार्टियों की कोशिश इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रहती है। यही वजह है इंडिया गठबंधन के कई नेता ये चाह रहे हैं कि मायावती विपक्ष के महागठबंधन में शामिल हो जाएं।

आपको बताते हैं कि दलित वोट आखिर क्यों जरूरी है और पिछले कुछ चुनावों में दलित वोट का क्या असर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, यूपी में बसपा के जनाधार की बात करें तो पार्टी को 2014 के लोकसभा चुनाव में कोई सीट नहीं मिली थी और कुल 19.77 प्रतिशत वोट मिला था। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 19 सीटों पर जीत हासिल की और 22.23 प्रतिशत वोट हासिल किया।

**उत्तर प्रदेश में दलित वोट बैंक बना है बसपा की ताकत**

दलित वोट के आंकड़ों के इशारों के निकल रहे मायने

पिछले लोकसभा चुनाव में 10 सीटों पर जीती थी



### पिछले चुनाव में बसपा का ऐसा था प्रदर्शन

इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पिछली बार के मुकाबले शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 सीटों पर जीत का परचम लहराया था और पार्टी को 19.26 प्रतिशत वोट मिला था। वहीं 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिल सकी थी जबकि 12.88 प्रतिशत वोट हासिल किया था।

### अकेले लड़ेंगी मायावती

मायावती ने सोमवार को कहा कि हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। हम किसी गठबंधन में नहीं जाएंगे। गठबंधन से वोट बंट जाता है। हमारी पार्टी का सर्वोच्च नेतृत्व एक दलित के हाथ में है। गठबंधन करने पर हमारा वोट तो उन्हें मिल जाता है मगर उनका वोट खासकर सवर्ण वोट हमें नहीं मिलता है। साथ ही उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की तुलना गिरगिट से की।

### भाजपा और सपा ने क्या कहा?

बसपा सुप्रीमो के इस ऐलान पर भाजपा नेता और यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनके इस फैसले से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा यूपी में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं सपा प्रवक्ता राजपाल कश्यप ने कहा कि कौन सी पार्टी किस गठबंधन के साथ जाती है यह उसका अपना निर्णय है। जहां तक मायावती के बोलने का सवाल है, यह देखना होगा कि वो बोल रही हैं या उनसे बुलवाया जा रहा है। अखिलेश यादव संस्कारी नेता हैं।

### दलित वोट कितना जरूरी है?

अब आते हैं उस सवाल पर कि आखिर दलित वोट कितना जरूरी है? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 26 प्रतिशत, भाजपा को 13 प्रतिशत, बसपा को 22 प्रतिशत और अन्य को 39 प्रतिशत दलित वोट मिला था। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस को 27 प्रतिशत, भाजपा को 12 प्रतिशत, बीएसपी को 20 प्रतिशत और अन्य को 41 प्रतिशत दलित वोट मिला था। दोनों ही बार देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार रही। इसके बाद 2014 के चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत, भाजपा को 24 प्रतिशत, बसपा को 14 प्रतिशत और अन्य को 43 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 20 प्रतिशत, भाजपा को 34 प्रतिशत, बसपा को 11 प्रतिशत और अन्य को 35 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2014 और 2019 में देश में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार बनी। ऐसे में आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए दलित वोट कितना जरूरी है।

## 'असली शिवसेना' को लेकर विवाद

# उद्धव ठाकरे गुट ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को विभाजन के बाद असली शिवसेना घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती दी गई है। स्पीकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। 10 जनवरी को अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में स्पीकर ने शिंदे खेमे के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था।

### शिंदे की स्थिति हुई और मजबूत

स्पीकर के इस फैसले ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के सीएम बनने के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में शिंदे की राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और एनसीपी (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। गौरतलब है कि कुछ महीने बाद आम चुनाव और 2024 की दूसरी छमाही में राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं।

### दलबदल विरोधी कानून यहां लागू नहीं

नार्वेकर ने कहा था कि कोई भी पार्टी नेतृत्व किसी पार्टी के भीतर असंतोष या अनुशासनहीनता को दबाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रावधानों का उपयोग नहीं कर सकता है। स्पीकर ने कहा था कि जून 2022 में जब पार्टी विभाजित हुई तो शिंदे समूह को शिवसेना के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन प्राप्त था। इससे पहले चुनाव आयोग ने 2023 की शुरुआत में शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष और तीर' प्रतीक दिया था।

### रूद्र का इस्तीफा, शर्मिला को मिल सकती है जिम्मेदारी



**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव के साथ इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस में बदलाव शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में गिडुगु रूद्र राजू ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। इससे वाई.एस. शर्मिला की इस पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राजू ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। बता दें कि वाई.एस. शर्मिला के कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा जा रहा था कि पार्टी उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप सकती है।

## समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

# मणिपुर के सेकमई पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

एजेंसी ▶▶ इंफाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सोमवार को दूसरा दिन था। राहुल मणिपुर के इंफाल वेस्ट से यात्रा शुरू कर चुके हैं और सोमवार को वे वेस्ट इंफाल के सेकमई में थे, जैसे ही यात्रा सेकमई पहुंची वहां के स्थानीय लोगों ने जोरशोर यात्रा और राहुल गांधी का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों द्वारा मणिपुर के पारंपरिक नृत्य पेश किए गए. बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक नारेबाजी करते नजर आए। दरअसल 2024 चुनाव से ठीक पहले राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का ऐलान कर एक बार फिर पार्टी को मजबूत करने की



कोशिश की है। ये न्याय यात्रा 20 मार्च तक चलेगी और 15 राज्यों में करीब 6700 किमी की दूरी तय करेगी। एक दिन पहले यात्रा के आगाज के दौरान राहुल ने केंद्र सरकार पर मणिपुर को लेकर जमकर हमला बोला। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की और देश के लिए ऐसा दृष्टिकोण रखने पर जोर दिया।

## देशव्यापी 'दीवार लेखन' अभियान की हुई शुरुआत

नई दिल्ली के लोधीनगर से अभियान की शुरुआत

# नड्डा ने दीवार पर बनाया 'कमल का फूल', नारा दिया और अपील की कि 'एक बार फिर... मोदी सरकार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान भाजपा प्रमुख ने देशवासियों से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि आज से एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ हमारा देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू हो गया है, देश के लोगों से हमारी अपील है कि वे फिर से मोदी सरकार बनाएं, देश को आगे बढ़ाएं, देश में स्थिरता और स्थिर सरकार की जरूरत है। इसलिए इस 'दीवार लेखन' कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के लोगों से एक बार फिर मोदी सरकार की अपील करते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि आज नई दिल्ली स्थित लोधीनगर से लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 'दीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के स्लोगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देशभर के हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।




### सभी को कराएंगे मंदिर के दर्शन

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बयान देते हुए कहा था कि भाजपा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत इस पूरे हफ्ते कई कार्यक्रम करेगी।उन्होंने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के बाद, भाजपा ने फैसला किया है कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक हम (पार्टी नेता और कार्यकर्ता) कई मंदिरों और पवित्र परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

### समावेशी सरकार जरूरी

'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा। देश की जनता से मेरी अपील है कि आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के हमारे संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनें।

# नर्मदा के पावन तटों पर संक्रांति मेले में उमड़ा जनसैलाब

# दूसरे दिन भी लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा व आस्था की डुबकी

**जबलपुर।**

मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी सोमवार को शहर में पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुण्य सलिला पावन मां नर्मदा के तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नर्मदा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। भगवान सूर्य देव की उपासना के इस पर्व पर हवन पूजन और भंडारों के आयोजन भी हुआ। गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में संक्रांति पर्व पर कड़ाके की ठंड के बावजूद नर्मदा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने तड़के 4 बजे से नर्मदा में डुबकी लगाना प्रारंभ कर दिया था। ज्यो-ज्यों दिन चढ़ता गया त्यों-त्यों नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। गौरीघाट और तिलवाराघाट में भीड़ का आलम यह था कि घाटों पर पैर रखने की जगह नहीं थी।

मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से ही नर्मदा तटों की ओर श्रद्धालुओं का जाना प्रारंभ हो गया था। ठंड में सुबह 4 बजे से लोगों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। सूर्योदय के बाद भीड़ का बढ़ना प्रारंभ हुआ और दोपहर 12 बजे तक पावन नर्मदा नदी के तट गौरीघाट और तिलवाराघाट हाउसफुल हो गये थे। बहुत सारे लोग भीड़ को देखकर भेड़ाघाट और





लम्हेटाघाट की ओर मुड़ने लगे, वहीं जो लोग हिम्मत हार गये या भीड़ से घबरा गये, वे अपने घरों को लौट पड़े थे। देर शाम तक नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ बनी रही। लोगों ने स्नान ध्यान कर तिल गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाया और गरीबों को खिचड़ी दान की।

### चोर उचक्के सक्रिय रहे

भीड़-भाड़ में चोर उचक्के सक्रिय रहे। घाटों पर सुरक्षा का अभाव रहा। चोर उचक्कों ने जमकर मौके का फायदा उठाया, सैकड़ों लोगो की जेब कटी। कई लोगों के मोबाईल फोन व पर्स पार हुए। इस दौरान चोरों ने खाने पीने तक का सामान नहीं छोड़ा।

### आटो, बस, ई-रिक्शा वालों ने मचाई लूट

नर्मदा यात्रियों की भीड़ को देखते हुए गौरीघाट, तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट की ओर चलने वाले आटो, मिनी बस, ई रिक्शा चालकों ने जमकर मौके का फायदा उठाया और यात्रियों से मनमाना किराया वसूला। यूं तो नर्मदा तट पर भोजन भंडारों की धूम रही लेकिन फिर भी चाय नाश्ते की दुकान लगाने वालों ने भी मेले में मनमाने दामों पर सामग्री बेंची।

### अवैध स्टेण्डों पर नहीं लग सकी लगाम

प्रशासन के दावों के बावजूद भी अवैध वाहन स्टेण्डों पर रोक नहीं लग सकी। खासकर गौरीघाट और तिलवाराघाट के पास स्थानीय बाहुबलियों ने अवैध वाहन स्टेण्ड खोल रखे थे। दोपहिया वाहनों को जबरिया रोककर स्टेण्ड पर लगाया गया और मनमाना किराया वसूल किया गया। जबकि इन स्टेण्डों पर वाहनों की सुरक्षा की कोई जबावदारी नहीं थी।

## भगत सिंह युवा विचार मंच ने प्रकाश पर्व जुलूस का स्वागत किया



**जबलपुर।** गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव जुलूस सिख संगत समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया गया, शहर के विभिन्न नगरों से होते हुए प्रकाश पर्व जुलूस का प्रेम मंदिर गुरुद्वारा में समापन हुआ, इस दौरान सिख समाज के लोगों ने जगह-जगह प्रकाश पर्व जुलूस का स्वागत किया, इस दौरान नगर जुलूस का स्वागत भगत सिंह युवा विचार मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गोरखपुर गुलाटी चौक पर स्वागत एवं प्रसाद वितरण कर किया गया, इस अवसर पर मंच के तेजिंदर सिंह, डिम्पी बिंद्रा, राजेश महेश्वरी, प्रतीक जैन, बल्लू पाजी, शरद गुप्ता, गुड्डू भाई जान, रवि ठाकुर, नवजीत सिंह गिल सहित अन्य लोगों ने नगर जुलूस का स्वागत धूमधाम से किया।

## जनेकृविवि में प्राकृतिक खेती पर संवाद और विमर्श के लिए आयोजित की कार्यशाला

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में प्राकृतिक खेती पर संवाद और विमर्श हेतु कार्यशाला का आयोजन कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में किया गया। कार्यशाला में श्री गौ विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, देवलापार, नागपुर के मुख्य चेयरमेन श्री सुनील मानसिंह मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि इस विषय को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा चुका है और अनुसंधान किया जा रहा हैं एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से विस्तार भी किया जा रहा है। इस दौरान श्री गौ विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, देवलापार, नागपुर के मुख्य



चेयरमेन श्री सुनील ने उदाहरण एवं दस्तावेज के माध्यम से अपने 25 वर्ष के अनुभव को कृषि विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ साझा किये। आपने प्राकृतिक खेती से फसलों में होंने वाली उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता को आंकड़ों से अवगत कराया, साथ ही भारत वर्ष में विभिन्न प्रांतों एवं ग्रामों में गौ आधारित कृषि केन्द्र एवं संस्थानों की जानकारी भी विस्तृत रूप से समझायी।कार्यशाला में संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू ने विश्वविद्यालय में संकलित और संरक्षित किये जा रहे किसानों के बीजों का विश्लेषण और भौगोलिक संकेतन को विशेष रूप से उदाहरण सहित जानकारी प्रदान की। संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्रों में किये जा रहे प्राकृतिक खेती के संबंध में अपने अनुभव एवं वैज्ञानिकों के अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, डॉ. संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर. एस. शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, आईएबीएम के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं संस्थान के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**जबलपुर।** जवाहरगंज वार्ड के अंतर्गत कछियाना चौक कार्ड गली में सड़क निर्माण एवं रामनगर मार्ग की नाली कव्हरिंग कार्य का भूमिपूजन रजनी कैलाश साहू पार्षद द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैलाश साहू, हर्षित सिंघई, अमित जैन, बीएन मिश्र, अखिल मिश्र, पं. राजेश तिवारी, यदुवंश मिश्रा, सुरेन्द्र राठौर, राजू पंडित, तिलक पटेल, मुन्नीलाल, ईश्वर अहिरवार, रंजीत साहू, जितेन्द्र साहू, रमेश पंडित, रवि पटेल, गनेश पटेल, श्रेयांश शर्मा, शशांक शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसके बाद समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैलाश साहू और भाजपा पार्षद रजनी साहू के नेतृत्व में कलयाण मंदिर कछियाना में प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं श्रमदान कर मंदिर प्रांगण को स्वच्छ बनाया।

## कर्मयोगी शरद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की



**जबलपुर।** समाजवादी नेता भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव को नगर के समाज सेवियों ने पुण्यतिथि पर याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कर्मयोगी शरद यादव व्यक्ति नहीं विचार थे। इस अवसर पर समाजसेवी बैजनाथ कुशवाहा, रामरतन यादव, अरविंद पैगवार, नोखेलाल, नेमसिंह, घनश्याम यादव, राधेश्याम अग्रवाल, सीताराम पटेल, इन्द्रकुमार पटेल, इसरत अली, गोपाल हूंका, संजय जैन, एड. नरेश चक्रवर्ती, सुधीर शर्मा, प्रमोद सेन, मूलचंद मोरे, बालमुकुन्द यादव, डॉ. मुश्ताक मंसूरी, मायादेवी कुशवाहा, जेपी कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे। तदोपरांत समाजवादी मंच (शरद यादव) का गठन किया गया, जिसमें बैजनाथ कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया गया।

### महर्षि सुदर्शन दर्पण पत्रका का विमोचन 17 को

**जबलपुर।** सुदर्शन समाज की सामाजिक पत्रका "महर्षि सुदर्शन दर्पण" का विमोचन दस महाविद्या शक्तिपीठ, कालीनंद आश्रम शक्ति नगर में स्वामी कालीनंद महाराज द्वारा 17 जनवरी को मध्यान्ह 12 बजे किया जाएगा। उपस्थिति की अपील डॉ. एसके वर्मा, प्रसादीलाल बिरहा, श्यामनारायण बिरहा, जीवन मलिक, विष्णु मलिक, एमएल गौतम, ओम देवक ने की है।



## 24वीं अभा फुटबॉल स्पर्धा में पुलिस ब्वॉयज क्लब तृतीय रहा

**जबलपुर।** पुलिस ब्वॉयज क्लब ने मैहर में 07 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित 24वीं अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुलिस ब्वॉयज क्लब का पहला मैच मैहर के साथ हुआ जिसमें पुलिस ब्वॉयज क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत प्राप्त की, पुलिस ब्वॉयज क्लब की तरफ से सैयद आमिर, प्रियम सिंह एवं शेख नदीम ने गोल किए। पुलिस ब्वॉयज का दूसरा मैच रायपुर छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया जो बहुत ही रोमांचक रहा, पुलिस ब्वॉयज क्लब के प्रियम सिंह ने 25वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई, किन्तु द्वितीय हाफ के 10वें एवं 25वें मिनट में रायपुर ने 2-1 से बढ़त बना ली, मैच के आखिरी क्षणों में पुलिस ब्वॉयज क्लब के राजीव चौधरी एवं आमिर ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दी।पुलिस ब्वॉयज क्लब का सेमीफाइनल जम्मू कश्मीर के साथ खेला गया, जिसमें पुलिस ब्वॉयज क्लब के दीप तिवारी, अरुण मिश्रा, वरुण दास ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन बी डिवीजन आई लीग टीम जम्मू कश्मीर का प्रथम हॉफ गोलरहित रहा। मैच के द्वितीय हॉफ में पुलिस ब्वॉयज क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया किन्तु मैच के 70वें मिनट में फ्री किक से जम्मू कश्मीर ने 1-0 की बढ़त बना ली ।

## राम जन्म उत्सव व अमर शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** आयोजक कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ द्वारा राम जन्म उत्सव एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम 16 जनवरी दिन मंगलवार को दया नगर चौक में शाम 5:00 बजे मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पांडे, मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री शरद जैन, पूर्व महापौर सदानंद स्वामी गोडबोले, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य अमरीश मिश्रा, क्षेत्रीय पार्षद अंशुल राघवेंद्र यादव, व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता, अखिलेश नेता आदि ने उपस्थित की अपील की है।

### प्रदेश की खुशहाली की दुआ के साथ चादर अजमेर रवाना

## सांसद विवेक तन्खा ने भेजी अमन और मोहब्बत की चादर



**जबलपुर।** अमन मोहब्बत और भाईचारे के मुहाफिज राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने अजमेर उर्स के मौके पर सोमवार को हर साल की तरह इस वर्ष भी पूर्व पार्षद एवं शिक्षा सेवी सैय्यद ताहिर अली के माध्यम से अजमेर शरीफ के लिये चादर रवाना की। तन्खा निवास पर हुये कार्यक्रम में श्री तन्खा ने कहा जबलपुर प्रदेश और देश की खुशहाल और समृद्धि की दुआ के साथ उन्होंने यह चादर अजमेर पहुंचाई है। उन्होंने कहा उनका परिवार कई पीढ़ियों से दरगाह अजमेर शरीफ से अकीदत रखता है। उन्होंने बताया उनके ससुर स्वर्गीय कर्नल अजय नारायण मुसरान की कई मुरादें अजमेर शरीफ से पूरी हुई थीं। वे जल्द ही सपरिवार अजमेर पहुंचकर ज्यारत करेंगे। ताहिर अली के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सोमवार को ही दयोदय एक्सप्रेस से अजमेर के लिये रवाना हो गया। जहां उर्स के दौरान हाजरी और चादर पेश की जाएगी। श्री तन्खा निवास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हाजी कदीर सोनी, मोलाना अकबर मिस्बाही, कैशर रजा, गुलाम हुसैन, अमरीश मिश्रा, सौरभ शर्मा, राजू लईक, दिलशाद अहमद, शकील अंसारी, उपस्थित थे।

In The Court Of XXIII Civil Judge Class-II , District Court,Jabalpur
Presiding Officer: कुंवर युवराज सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (PCSA0001186202З)

भगवान बालमुकुन्द......................वादी
Vs आम जनता.................प्रतिवादी

Process Id-/2023
पेशी दिनांक :- 14/03/2024

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी भगवान बालमुकुन्द जी ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते निजी न्यास की संपत्ति विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने वावत के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 26 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
(कुंवर युवराज सिंह)
23 वे व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड जबलपुर (म.प्र.)

मुद्रा

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15438418M RANK-NAIK NAME MOHIT KUMAR SHRIVASTAW S/O ASHOK KUMAR SHRIVASTAW OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O H NO 270 GRAM KISHUNGANJ DAMOH MADHYA PRADESH 470675 solemnly declare and affirm on oath under :- I state that in my Mother, Aadhar card my Mother (SUDHA RANI) which is true and correct but in my Army service Record my Mother name is recorded SAVITRI Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother, is SUDHA RANI and same Name shall be corrected in my Army service Record. I state that for the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME-SUDHA RANI
INCORRECT NAME-SAVITRI

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15703420K RANK-NK NAME- KATHAYAT SURESH SINGH S/O SHER SINGH KATHAYAT of unit 2 TTR,1 STC JABALPUR (MP) I, have changed name of my FATHER from I SHER SINGH and date of birth 01/07/1958 (name and date of birth as per my army service record) to name SHERSINGH SHOBANSINGH KATHAYAT and date of birth is as 01/08/1962 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 15/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SHERSINGH SHOBANSINGH KATHAYAT
INCORRECT NAME-SHER SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH-01/08/1962
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1958

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15703420K RANK-NK NAME- KATHAYAT SURESH SINGH S/O SHER SINGH KATHAYAT of unit 2 TTR,1 STC JABALPUR (MP) I, have changed name of my MOTHER from KATHAYAT CHAMFA DEVI SHER SINGH and date of birth 01/07/1961 (name and date of birth as per my army service record) to name CHAMPADEVI SHERSINGH KATHAYAT and date of birth is as 05/08/1963 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 15/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
CHAMPADEVI SHERSINGH KATHAYAT
INCORRECT NAME
KATHAYAT CHAMFA DEVI SHER SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH - 05/08/1963
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1961

**CHANGE OF NAME**

I, SUMITA CHAKRABORTY (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. JC-383328W RANK SUB NAME NAYAN CHAKRABORTY UNIT 1 MTR, 1 STC, JABALPUR (MP) presently residing at VILL-CHANDIPUR, PO-CHANDIPUR, TEH- BASIRHET, DIST-NORTH 24 PARGANAS (WEST BENGAL)-743247 I, have changed of my name from SUMITA CHAKRABORTY (name as per my Husband army service record) to name SUMITA CHAKRABORTY BANERJEE (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 13/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SUMITA CHAKRABORTY BANERJEE
INCORRECT NAME
SUMITA CHAKRABORTY

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

## स्कूली छात्रों एवं स्टाफ को बनाया जागरुक

**जबलपुर।** एचएमएसआई हर व्यक्ति की सुरक्षा को सर्वेच्च प्राथमिकता देती है। सड़क सुरक्षा जागरुकता को लाखों नागरिकों तक पहुंचाने के लिए यह देश के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियानों का आयोजन करती रहती है। हालही में ऐसे एक अभियान का आयोजन जबलपुर शहर में किया गया, जिसने प्रतिभागियों पर गहरी छाप छोड़ी। ग्रीन वैली स्कूल के मैदान में एचएमएसआई ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जहां 1700 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कई आधुनिक गतिविधियों जैसे स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा क्वजि और लेख प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इन सभी गतिविधियों ने प्रतिभागियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया। एचएमएसआई का मानना है कि बच्चे समाज का भविष्य हैं और उन्हें कम उम्र में ही सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाकर सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाया जा सकता है।

HONDA

## तन्वी, अंशिका और याशिका का मप्र की शालेय हैंडबॉल टीम में चयन



**जबलपुर।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय 17 वर्ष बालिका-बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शुजालपुर जिला शाजापुर (मध्यप्रदेश) में 16 से 20 जनवरी तक किया जा रहा है, इसमें भाग लेने वाली मप्र की शालेय हैंडबॉल टीम में संस्कारधानी की उदीयमान खिलाड़ी तन्वी सतनामी, अंशिका जंघेला और याशिका नागेश का चयन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला हैंडबॉल एसो. के सचिव व कोच हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने बताया कि शिवपुरी में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल स्पर्धा में तीनों ही खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया था। उक्त खिलाड़ी श्री गुरु नानक मिशन कन्या उमा शाला प्रेमनगर एवं सेंट नारबर्ट शाला नेपियर टाउन में अध्ययनरत हैं। इस सफलता पर संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला क्रीड11 कल्याण निरीक्षण गुंजन श्रीवास्तव, चंदा सोनी, नोडल केन्द्र प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव, गुरु नानक स्कूल शाला प्राचार्य जसविंदर कौर, सेंट नारबर्ट शाला प्राचार्य, शाला क्रीड़ा अधिकारी रणजीत कौर, बलजीत कौर, वंदना एवं सहाना, सनातन स्कूल की प्राचार्य मौलश्री दुबे, सेजल पासी, पलक चंसोरिया, महक जायसवाल, खुशी बेन, श्रेया ठाकुर ने बधाइयां दी। उक्त खिलाड़ी सनातन धर्म पब्लिक स्कूल हाथीताल में हरमिंदर सिंह ढिल्लो के पास नियमित रूप से अभ्यासरत हैं।